कार्यक्रम आख्या

सकलडीहा पीजी कॉलेज सकलडीहा, चन्दौली

पुरातन छात्र समागम सत्र 2023–24

सकलडीहा पी0 जी0 कालेज सकलडीहा चन्दौली में दिनांक 17.03.2024 को महाविद्यालय के सभागार में अपरान्ह 01:00 बजे से पुरातन छात्र प्रकोष्ठ द्वारा पुरातन छात्र समागम का आयोजन किया गया था जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर प्रदीप कुमार पांडे तथा मुख्य अतिथि प्रोफेसर प्रमोद कुमार सिंह थे सर्वप्रथम मां सरस्वती के तेल चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्जवलन कर समागम का शुभारंभ किया गया पुरातन छात्र प्रकोष्ठ के समन्वयक प्रोफेसर उदय शंकर झा ने इस पुरातन समागम में प्रकोष्ठ के अध्यक्ष श्री कैलाश नाथ पाठक उपाध्यक्ष डॉ संदीप जायसवाल महामंत्री श्री विकल जायसवाल तथा कोषाध्यक्ष श्री बसंत श्रीवास्तव का सदस्यों से परिचय कराया तत्पश्चात अध्यक्ष की आज्ञा से छात्र समागम आरंभ किया गया ।

1. सभी सदस्यों ने पुरातन छात्र प्रकोष्ठ के संवैधानिक रूप से पंजीयन होने पर प्रसन्नता व्यक्त की तथा महाविद्यालय के प्राचार्य एवं प्रकोष्ठ के समन्वयक को धन्यवाद ज्ञापन किया।
2. समागम में महाविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियां तथा महाविद्यालय परिसर के परिवेश पर चर्चा किया गया।
3. सदस्यों ने शैक्षणिक कैलेंडर का अवलोकन करने के बाद पठन–पाठन की प्रशंसा की ।
4. ग्रंथालय की क्षमता एवं कार्य प्रणाली पर चर्चा करते हुए कहा कि छात्रों की आर्थिक पृष्ठभूमि को देखते हुए प्रत्येक छात्र को पाठ्यक्रम के अनुसार कम से कम चार पुस्तक उपलब्ध कराने का सुझाव दिया।
5. सदस्यों ने महाविद्यालय परिसर में शुद्ध जल तथा शौचालय एवं वॉशरूम की सेवा की प्रशंसा की ।
6. सदस्यों ने महाविद्यालय परिसर की विजिट को शेयर करते हुए कहा कि कक्षाओं के रोशनदान में जाली लगवाया जाए जिससे क्लास रूम में पक्षियों का प्रवेश वर्जित हो सके।
7. सभी सदस्यों ने अपने व्यक्तिगत अभिभाषणों के माध्यम से महाविद्यालय में बिताए गये क्षणों को शेयर किया तथा महाविद्यालय के विकास में सहयोग करने की वचनबद्धता ली।
8. समागम में आए सदस्यों ने सदस्यता शुल्क जमा करके भारी संख्या में सदस्यता ली।
9. सदस्यों ने सर्वसम्मति से महाविद्यालय में बागवानी एवं पौधा रोपण व्यापक स्तर पर करने का महाविद्यालय प्रशासन को सुझाव दिया।
10. सदस्यों ने महाविद्यालय के मेधा सूची में स्थान रखने वाले छात्र–छात्राओं को मेडल एवं प्रमाण पत्रों के द्वारा पुरस्कृत करने का निर्णय लिया गया।

स्थान - सकलडीहा

दिनांक = 17/03/2024

(हस्ताक्षर)

संयोजक
पुरातन छात्र प्रकोष्ठ
सकलडीहा पी.जी. कालेज
सकलडीहा-चन्दौली

(हस्ताक्षर) 23/3/24

प्राचार्य
सकलडीहा पी0 जी0 कालेज
सकलडीहा, चन्दौली